कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

कमांक :–शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/सी/60115/इन्सपायर अवार्ड/2020–21/ दिनांक : 18.9.2020

स्मरण पत्र

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
माध्यमिक शिक्षा–मुख्यालय
एवं
समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

विषय :– इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना के अन्तर्गत अधीनस्थ विद्यालयों के छात्रों का अधिकतम नोमिनेशन करवाने हेतु।

प्रसंग :– राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान–भारत का ईमेल– Outward No. 128424 दिनांक 17.09.2020

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक ई–मेल के क्रम में लेख है कि अपने क्षेत्राधीन समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 06 से 10 तक के छात्र–छात्राओं का इन्सपायर अवार्ड–मानक योजनार्न्तगत E-MIAS पोर्टल पर वर्ष 2020–21 हेतु विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन नॉमिनेशन 30 सितम्बर, 2020 तक खुले रहेंगे। आज की रिपोर्ट के आधार पर **डूंगरपुर, जैसलमेर, भीलवाडा, चूरू, जालौर, राजसमन्द, टोंक, अजमेर, अलवर, दौसा, नागौर, बाडमेर, बीकानेर, धौलपुर, बांसवाडा, सवाई माधोपुर, करौली एवं प्रतापगढ** के नोमिनेशन की स्थिति 100 से कम है जो कि अत्यन्त विचारणीय है। राज्य स्तरीय सम्बलन टीम द्वारा आपको प्रत्येक स्तर पर सहयोग प्रदान किया जा रहा है उसके उपरांत भी इन्सपायर नोमिनेशन की स्थिति संतोषप्रद नहीं है जो कि आप द्वारा पर्यवेक्षणीय दायित्वों के निर्वहन के प्रति उदासीनता दर्शाती है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने जिले/ब्लॉक के **(माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अधीन संचालित समस्त विद्यालयों)** के संस्था प्रधानों को निर्देशित करते हुए प्रत्येक विद्यालय के अधिक से अधिक श्रेष्ठ नवाचारी विचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का नोमिनेशन पोर्टल बन्द होने की दिनांक 30.09.2020 तक अनिवार्यतः करवाना सुनिश्चित करें। पोर्टल बन्द होने तक यदि कोई विद्यार्थी अपने इनोवेशन / रचनात्मक आईडिया नोमिनेट करने से वंचित रहता है तो इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। उक्त योजना में शत्प्रतिशत नोमिनेशन नहीं होने की स्थिति में आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शासन को प्रस्तावित की जा सकती है।

18.9.2020

www.rajteachers.com

प्रभारी अधिकारी छात्रवृति
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि :–

1. संयुक्त सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, एनईबी प्रभाग, इंसपायर पुरस्कार मानक, टेक्नोलॉजी भवन,न्यू महरोली रोड,नई दिल्ली–110016
2. श्री राकेश माहेश्वरी, सीनियर इनोवेशन ऑफिसर, राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान, गांधीनगर (गुजरात)
3. सम्बन्धित राज्य स्तरीय टीम अपने से सम्बन्धित जिलों को तकनीकी एवं यथा संभव सहयोग प्रदान करे एवं विद्यार्थियों के प्रतिदिन ऑनलाईन नॉमिनेशन की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन इस कार्यालय को प्रेषित करें।
4. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को प्रेषित कर अनुरोध है कि अपने अधिनस्थ समस्त जिलों को विद्यार्थियों के नॉमिनेशन करने हेतु प्रोत्साहित कर प्रभावी प्रबोधन करें।
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित कर लेख है कि अपने अधिनस्थ समस्त ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी को विद्यार्थियों के नॉमिनेशन करने हेतु प्रोत्साहित कर प्रभावी प्रबोधन करें।

18.9.2020

प्रभारी अधिकारी छात्रवृति
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Scanned by CamScanner